कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक दिनांक : 14.10.2022

विषय : 09/2022 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 09/2022 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 20.09.2022 को दोपहर 12.00 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री श्रीनिवास राज बेथम, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री श्रीनिवास राज बेथम, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती एस. वत्सला, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्रीमती बी.लक्ष्मी मुरलीकृष्णा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 4. | श्रीमती बी.के.राधा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री एम.वी.सुब्रहमण्यम | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्रीमती जे. माधवी | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्रीमती जी. अनुराधा | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्री जी. श्रीनिवास मूर्ति | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्री श्रीनिवास मंडा | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री सुनिल कुमार रेटूरी | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्री पी. श्रीनिवास मूर्ति | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 12. | सुश्री फिरदौस आसिया शेख | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 13. | श्री श्रीनिवास राव वुलिचि | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 14. | श्री सी एच.वी.रमण मूर्ति | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 15. | श्री के. रामकृष्णा | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 16. | श्री पी.आर.सुब्बा राव | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 17. | श्री टी. श्रीनिवास राव | लेखा अधिकारी | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18. | श्री के.गोपीचंद | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 19. | श्री पी.रामकिशोर | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 20. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | सदस्य सचिव |
| 21. | सुश्री नेहा कश्यप | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | सदस्य |

सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और समिति के नए सदस्य श्री सुनिल कुमार रेटूरी, लेखा अधिकारी, श्री श्रीनिवास राव वुलिचि, लेखा अधिकारी, श्री सी एच.वी.रमण मूर्ति, लेखा अधिकारी, श्री के.गोपीचंद, लेखा अधिकारी और श्री पी.रामकिशोर, लेखा अधिकारी का परिचय दिया गया। तदुपरांत अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**मद सं. 1 - दिनांक 30.06.2022 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 30.06.2022 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 30.06.2022 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. **हिंदी कार्यशाला का आयोजन :** समिति को सूचित किया गया कि मुख्य कार्यालय में दिनांक 05 सितंबर को एक दिवसीय ऑफ-लाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 18 कर्मचारियों ने भाग लिया ।

2. **निरीक्षण:** वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार 25% अधीनस्थ कार्यालयों और 25% अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इसी क्रम में वर्ष 2022-2023 के दौरान र.ले.नि. महोदय द्वारा अनुमोदित निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार तीन उप-कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण जुलाई, 2022 में किया गया और इस वर्ष के अन्त तक निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा। अनुभागों का निरीक्षण वर्ष 2023 के प्रारंभ में किया जाएगा।

3. **हिंदी शिक्षण योजना के अधीन प्रशिक्षण** - नियंत्रक महोदय द्वारा अनुमोदन के उपरांत हिंदी शिक्षण योजना के अधीन हिंदी पारंगत प्रशिक्षण के जुलाई से नवंबर, 2022 के सत्र के लिए 35 अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित किया गया है और हिंदी पारंगत की ऑन-लाइन कक्षाएँ आरंभ हो गयी हैं जिनकी अंतिम परीक्षा नवंबर, 2022 में आयोजित की जाएगी । हिंदी पारंगत परीक्षा मई, 2022 के परिणाम घोषित किये जा चुके हैं उत्तीर्ण अधिकारियों/कर्मचारियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए हैं।

**<u>मद सं. 2 - पिछली दो तिमाहियों 03/2022 तथा 06/2022 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :</u>**

मुख्य कार्यालय की पिछली दो तिमाहियों 03/2022 तथा 06/2022 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

(1) <u>धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि</u> :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 03/2022 | 136 | 136 | शून्य |
| 06/2022 | 171 | 171 | शून्य |

(2) <u>हिंदी पत्राचार की स्थिति</u> :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 03/2022 | 7944 | 1464 | 84.43% |
| 06/2022 | 10218 | 1563 | 86.73% |

**<u>मद सं. 3 - रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा</u>** - समिति को अवगत कराया गया कि सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही में रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय से केवल तीन पत्र प्राप्त हुआ है जिनमें से एक पत्र में हमारे कार्यालय के जून, 2022 के हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई और वार्षिक कार्यक्रम के सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने पर हमारे कार्यालय की प्रशंसा की गयी । एक पत्र हिंदी दिवस के अवसर पर प्रतियोगिताओं के आयोजन से संबंधित था तथा एक और पत्र हिंदी दिवस के अवसर पर सूरत(गुजरात) में आयोजित द्वितीय अखील भारतीय राजभाषा सम्मेलन एवं हिंदी दिवस समारोह मे शामिल होने से संबंधित था। सभी पत्रों पर कार्रवाई की जा चुकी हैं।

**<u>मद सं. 4- हिंदी पखवाड़े का आयोजन -</u>** समिति को सूचित किया गया कि इस संगठन में दिनांक 16 से 29 सितंबर, 2022 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है जिसमें तीन प्रतियोगितायों का आयोजन किया जाएगा यथा हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता, हिंदी अनुवाद एवं वर्ग पहेली प्रतियोगिता तथा हिंदी सृजनात्मक लेखन प्रतियोगिता। हिंदी पखवाड़े का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय के निदेशानुसार करने का प्रस्ताव है।

**<u>मद सं. 5- वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा</u>** - समिति को सूचित किया गया कि इस संगठन द्वारा वार्षिक कार्यक्रम के सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया गया है । हिंदी प्रशिक्षण के लिए भविष्य में केवल हिंदी पारंगत प्रशिक्षण ही शेष रहने की संभावना है जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ।

समिति को सूचित किया गया कि वर्तमान में निम्नांकित मदों पर संगठन द्वारा लक्ष्य-प्राप्ति की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | विवरण | निर्धारित लक्ष्य | प्राप्त लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी पत्राचार | 55% | 86.73% |
| 2. | हिंदी में टिप्पण | 30% | 63.94% |
| 3. | हिंदी प्रशिक्षण | 100% | 100% |

**<u>मद सं. 6</u>** - **<u>संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा</u>** :

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक निदेशक (रा.भा) | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 01 | 01 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

**<u>मद सं. 7 - अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई सुझाव :</u>**

1. सदस्य सचिव ने समिति के सदस्यों को सूचित किया कि ई-ऑफिस के कार्यान्वयन हेतु आयोजित कक्षा में बताया गया कि सभी अनुभागों द्वारा ई-ऑफिस के माध्यम से ही कार्यालय टिप्पणियाँ और पत्रों को प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। इसी क्रम में नेमी टिप्पणियों के लिए अनुभागों में पहले से उपलब्ध द्विभाषी प्रपत्रों का प्रयोग किया जा सकता है क्योंकि ई-ऑफिस में MS Word में काम करने की सुविधा है।

2. श्रीमती एस. वत्सला, सहायक नियंत्रक ने बताया कि यह संगठन ई-ऑफिस के कार्यान्वयन में शीर्ष 05 कार्यालयों में शामिल हैं। इसे सबसे शीर्ष स्थान पर पहुँचाने के लिए द्विभाषी प्रपत्रों का प्रयोग करे और सभी इस दिशा में काम करें।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

**हस्ता/-**

**(एस. वत्सला)**

**रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली छावनी।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), राजभाषा अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का-3), एन.जी.आर.आई., उप्पल रोड, हैदराबाद ।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

राम

**(के. रामकृष्णा)**
**लेखा अधिकारी (प्रशा)**